# हमारा दून

अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री।



## संक्षिप्त समाचार

### 3 माह के लिए 7.5 किग्रा अतिरिक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने को राशि जारी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देश पर राज्य खाद्य योजना में अप्रैल से जून 2020 तक 3 माह के लिए प्रति माह प्रति कार्ड 7.5 किग्रा अतिरिक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए 33.84 लाख रूपये की राशि जारी की गई है। वर्तमान में राज्य खाद्य योजना के प्रचलित राशन कार्ड धारकों को 2.5 किग्रा चावल 11 रुपये प्रति किलो की दर से और 5 किग्रा गेहूँ 8.60 रूपये प्रति किग्रा की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। अब अप्रैल, मई व जून 2020 इन तीन महीनों के लिए 7.5 किग्रा खाद्यान्न प्रति माह प्रति कार्ड के स्थान पर 15 किग्रा खाद्यान्न प्रति माह प्रति कार्ड (7.5 किग्रा चावल व 7.5 किग्रा गेहूँ) पूर्व निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### अंबेडकर की जयंती पर सीएम ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने हमेशा समानता के लिए संघर्ष किया। मानवाधिकार आंदोलन एवं संविधान निर्माण में उनकी अहम भूमिका रही। बाबा साहेब ने अपना जीवन समाज से छूआछूत व अस्पृश्यता को दूर करने के लिए समर्पित किया था। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समानता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बाबा साहेब ने देश को वह संविधान दिया जिसने हमें एकसूत्र में बांधा। बाबा साहेब ने दलित व पिछड़े वर्गों में आत्मसम्मान की भावना का संचार कर उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ा।

### डा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर किया उन्हें याद

**संवाददाता** देहरादून। डा भीमराव आंबेडकर की जयंत के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन आतिर्पत कर उन्हें याद किया गया। राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने डा भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं व बधाई दी है। वहीं, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बाबासाहेब की जयंती पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### दून में पारे ने तोड़ा पांच साल का रिकॉर्ड

**संवाददाता** देहरादून। करीब सप्ताह भर पहले बारिश और बर्फबारी की चुनौती से जूझ रहे पहाड़ों में अब पारा चढ़ने लगा है। मैदानी क्षेत्रों में तपिश बढ़ने लगी है। देहरादून में पारे ने पांच साल के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को पारा 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पहले वर्ष 2015 में अप्रैल में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

## एमडीडीए ने मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 2 करोड़ 51 लाख रुपए का चेक दिया

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत एमडीडीए दून ने मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 2 करोड़ 51 लाख रुपए का चेक दिया है। पंचायती अखाड़ा के महंत श्री निरंजन गिरी ने 26 लाख रुपए का चेक दिया है। मनसा देवी ट्रस्ट ने भी 25 लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिया है। नगर आयुक्त रुड़की सुश्री नूपुर वर्मा ने नगर निगम रुड़की की ओर से 21 लाख रुपए तथा नगर निगम रुड़की के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन से मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 2 लाख रुपए का चेक दिया है। मोहकमपुर निवासी श्री मनमोहन रावत ने भी कोविड–19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 2 लाख 51 हजार रुपए का चेक दिया है।

झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल ने भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर 1 लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिया है। कैप्टन (रिटा.) जंग बहादुर कार्की ने 51 हजार, ड्रग कंट्रोलर ताजवर सिंह ने 25 हजार एवं सत्या स्वीट शॉप भानियावाला ने 11 हजार रुपए कोविड–19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिए हैं। जंग बहादुर कार्की ने 51 हजार रूपए का चेक पीएम केयर्स फंड के लिए भी दिए हैं। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, उपाध्यक्ष भी एमडीडीए आशीष श्रीवास्तव, सचिव एमडीडीए गिरीश गुणवंत, सुंदरलाल सेमवाल, एमडीडीए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश राणाकोटी आदि उपस्थित थे।

# फोर्स लेकर बनभूलपुरा की गलियों में घूमे एसएसपी

**स्वागत**

**संवाददाता**

कोरोना वॉरियर्स का फिर फूलों से स्वागत

घबराए नहीं प्रशासन का सहयोग करें



हल्द्वानी। हंगामें के बाद से कर्फ्यू जोन घोषित होने के बाद मंगलवार सुबह एसएसपी के नेतृत्व में फोर्स ने बनभूलपुरा की गलियों में मार्च किया। थाने–चौकी के अलावा बड़ी संख्या में पीएसी के कर्मी भी इस दौरान मौजूद रहे। बकायदा गाड़ी से मुनादी कर लोगों से कहा गया कि यह इलाका कर्फ्यू जोन है। घर से किसी हाल में बाहर न निकलें।

वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तो लोगों ने फूल बरसाकर और ताली बजाकर स्वागत किया। इस दौरान एसएसपी सुनील कुमार मीणा, एसडीएम विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट परतुष सिंह भी लोगों से अपील कर रहे थे। कहा कि स्थानीय लोग कर्फ्यू के दौरान पूरा सहयोग करें। ताकि व्यवस्था बनाने में सख्ती न करनी पड़े। इस दौरान कोतवाल संजय कुमार, एसओ भगवान महर, दिनेश महंत, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे। महिला पीएसी कर्मी भी बड़ी संख्या में मौजूद थी। साथ ही डॉक्टरों की टीम भी मार्च में शामिल थी। वहीं, दोपहर तक पैरामिलिट्री की कंपनी भी बनभूलपुरा में तैनात हो जाएगी।

मंगलवार को जब चिकत्सिकों की टीम फोर्स के साथ बनभूलपुरा में लोगों के स्ध्वास्ध्थ्य के जांच के लिए पहुंची तो लोगों को फूल बरसाकर और तालियां बजाकर उनका स्ध्वागत किया। लोगों के चेहरे पर साफ नजर आ रहा था कद्दि कुछ लोगों की गलती का खामिध्जा डेढ लाख की आबादी का भुगतना पड़ रहा है। बहरहाल लोगों के सहयोग के लिए कोरोना वॉरियर्स से आभार जताया।

बनभूलपुरा में हजारों तो ऐसे होंगे, जिसने कभी कर्फ्यू देखा या उसके बारे में जाना भी न हो। ये कर्फ्यू हमारे शहर की डेढ़ लाख से अधिक आबादी की सुरक्षा को लेकर लिया गया है। इसमें केवल आपको पहले की तरह की घर पर रहना होगा। यही नहीं इस कफ्यू से आपके प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ गयी है। आपके घर में राशन व दवाई से लेकर हर मूलभूत सुविधा पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यही नहीं अब तक शहर स्तरीय अफसर आपकी जिम्मेदारी वहन कर रहे थे।

इस कफ्यू के बाद जिले से लेकर मंडल तक के अफसर आपकी मूलभूत जरूरतों का ख्याल रखेंगे। बनभूलपुरा के क्षेत्रवासियों को इस कर्फ्यू से घबराने के बजाए खुद होना चाहिए।

# राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दिए निर्देश

देहरादून। **संवाददाता**

किसानों, उद्योगों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की मांग और लॉकडाऊन की कठिनाईयों को देखते हुए बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देश पर कई अहम निर्णय लिए गए हैं।

**निजी नलकूप श्रेणी में विलम्ब भुगतान अधिभार में छूट, 20 हजार किसानों को लाभः** 30 जून तक बिल का भुगतान करने वाले निजी नलकूप श्रेणी के उपभोक्ताओं को विलम्ब भुगतान अधिभार में छूट दी जा रही है। इससे 20 हजार किसानों को लाभ होगा। इसमें आने वाले 3 करोड 64 लाख रूपये के वित्तीय भार का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

**2 लाख 70 हजार औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को लाभ**

औद्योगिक और वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं से मार्च 2020 से मई 2020 तक, की गई बिजली खपत के सापेक्ष फिक्सड/ डिमान्ड चार्ज की वसूली स्थगित की जा रही है। इसमें विलम्ब भुगतान अधिभार से छूट दी जाएगी। इससे 2 लाख 70 हजार उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इस पर आने वाले लगभग 8 करोड़ रूपए के वित्तीय भार का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

25 **लाख बिजली उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान पर एक प्रतिशत की छूटः** सभी श्रेणियों के जो बिजली उपभोक्ता देय तिथि तक बिल का ऑनलाइन भुगतान करते हैं, उन्हें वर्तमान बिल की राशि में 1 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जिसमें एचटी उपभोक्ताओं को अधिकतम एक लाख तथा एलटी उपभोक्ताओं को अधिकतम 10 हजार रूपए की छूट प्रदान की जाएगी। इस पर आने वाले प्रतिमाह लगभग दो करोड़ के व्यय का वहन यूपीसीएल द्वारा किया जाएगा। इससे 25 लाख उपभोक्ताओं को लाभ होगा।



**भुगतान न कर पाने पर ३० जून तक बिजली कनेक्शन काटने पर रोकः** विद्युत उपभोक्ताओं के व्यापक हित में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 30.6.2020 तक किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता का विद्युत संयोजन विद्युत देयों के भुगतान नहीं किए जाने की दशा में काटे नहीं जाने के भी निर्देश दिए हैं।

## तीनों निगमों ने 3 करोड़ 65 लाख 88 हजार एक सौ के चेक प्रदान किए

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन, उत्तराखंड पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन एवं उत्तराखंड जल विद्युत निगम श्रीमती राधिका झा द्वारा तीनों निगमों की ओर से कोविड–19 के दृष्टिगत 3 करोड़ 65 लाख 88 हजार एक सौ के चेक प्रदान किए।

सचिव ऊर्जा द्वारा मुख्यमंत्री को सौंपी गई धनराशि में वेतन मद से यूपीसीएल द्वारा 55 लाख, पिटकुल 18.881 लाख तथा यूजेवीएनएल द्वारा 41 लाख की धनराशि शामिल है। इसके अतिरिक्त इसमें पिटकुल द्वारा सीएसआर मद से 1 करोड़ तथा यूजेवीएनएल द्वारा दी गई 1 करोड़ 50 लाख रुपए की धनराशि शामिल है। इस अवसर पर यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक वीसीके मिश्रा, यूजेवीएनएल के प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल तथा पिटकुल के प्रबंध निदेशक अतुल अग्रवाल तथा यूपीसीएल के मुख्य अभियंता श्री ए.के. सिंह उपस्थित थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।